
Estd. 1999

25 *Years of success*

C.B.S.E.
Affiliated
1031341

# Shri Vyankatesh Public School

*Attitude of Excellence*




## HEAVEN OF LEARNING

श्री व्यंकटेश पब्लिक स्कूल, कसरावद, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) दिल्ली से एफिलिएटड तथा कक्षा नर्सरी से 12 तक सेवारत एक सुविख्यात शैक्षणिक संस्था है।

विगत 25 वर्षो से असंख्य छात्रों में ज्ञान, पुरुषार्थ, अनुशासन एवं सफलता कि प्रेरणास्त्रोत यह मातृतुल्य संस्था निमाड़ का गौरव रही है।

स्कूल निमाड़ क्षेत्र के विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, चरित्र के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। आज स्कूल के असंख्य छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, जज, समाजसेवी तथा प्रशासनिक अधिकारियो के रूप में देश और दुनिया में गौरव बढ़ा रहे है। इसी श्रृंखला में आइये रजत जयंती पर आपके अपने विद्यालय के शैक्षणिक वर्ष एवं उत्कर्ष कि एक यात्रा करें।



## PRE-PRIMARY & PRIMARY SECTION



स्कूल का प्री प्राइमरी और प्राइमरी सेक्शन एक खुशहाल व ऊर्जावान स्थान है जहां हमारे शिक्षक विकास के हर स्तर पर बच्चों को आवश्यक मार्गदर्शन देने हेतु समर्पित हैं। पपेट घर, सेंसोरियल लैब, मिनी लाइब्रेरी, फोनिक्स, कलरफुल क्लासरूम, एक्टिविटीज, गायन, डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट्स, वैदिक मैथ्स, क्विज़, ई लर्निंग जैसी अनेकों सुविधाएँ प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चो के लिए उपलब्ध है।

**मोन्टेस्सरी क्लासरूम** - मोन्टेस्सरी कक्षा बच्चों के लिए एक सुविधाजनक वातावरण प्रदान करती है जो उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। छात्रों को हमारे कुशल शिक्षकों द्वारा निरंतर मार्गदर्शन दिया जाता है।

**एक्टिविटी बेस्ड पाठ्यक्रम** - किड्स व्यंकटेश में, विशेषज्ञों द्वारा एक्टिविटी बेस्ड पाठ्यक्रम डिज़ाइन किया गया है जो बच्चों को विश्लेषणात्मक, मोटर एवं संवेदनात्मक कौशल के संवर्धन में मदद करता है।

**डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट** - बच्चों को डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जाता है जो बच्चे की रचनात्मक पक्ष को बाहर लाने तथा मोटर एंड सेंसरी स्किल्स के विकास में मदद करता है।

**लार्ज प्ले एरिया** - बच्चो के मनोरंजन तथा शारीरिक विकास हेतु कई झूले एवं खेल उपकरण से लैस एक पृथक लार्ज प्ले एरिया निर्मित है।

### KIDS VYANKATESH

**"किड्स व्यंकटेश"** प्ले स्कूल प्रोग्राम श्री व्यंकटेश पब्लिक स्कूल, कसरावद द्वारा 2-2.5 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**लैंग्वेज एंड न्यूमेरिकल स्किल्स पर फोकस** - न्यूमेरिकल तथा काउंटिंग स्किल्स को डेवलप करने के लिए बच्चो को हैंड्स-ऑन खेल विभिन्न खेल उपकरणों के माध्यम से खिलाए जाते हैं।

**मोन्टेसरी प्रशिक्षित अनुभवी शिक्षक** - स्कूल में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त योग्य मोन्टेसरी शिक्षाविदो की श्रेष्ठ टीम है। भाषा, मौलिक गणित और विज्ञान, कला, नृत्य, संगीत आदि जैसे विषयों को मजेदार गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जाता है।

**पौष्टिक नाश्ता** - किड्स व्यंकटेश में बच्चों को पौष्टिक स्नैक्स प्रदान किए जाते हैं। स्वस्थ खाद्य पदार्थो का सेवन करने से प्री-स्कूलर्स स्वस्थ खाने की आदतें बनाने और भोजन और नाश्ते के दौरान पौष्टिक चयन करना सीखते हैं।



## MIDDLE, SECONDARY & SR. SECONDARY SECTION



**स्मार्ट क्लासेज** - स्कूल में प्रत्येक क्लास - स्मार्ट क्लास है जिससे विजुअल रूप में स्टूडेंट्स को पढ़ाया एवं समझाया जा सके। सेपरेट प्रोजेक्टर रूम तथा स्मार्ट क्लासेज छात्रों के शिक्षा अनुभव को मजेदार और रोचक बनाती हैं जिसके माध्यम से विजुअल्स के साथ छात्रों को पाठ्यक्रम में सिखाए जा रहे सिद्धांतों का वास्तविक अवलोकन मिलता है।

**सुसज्जित लाइब्रेरी** - एसवीपीएस लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों और शैलियों की विशाल रेंज की पुस्तकों का संग्रह है। लाइब्रेरी में ऑडियो विजुअल टेक्नोलॉजी और इंटरनेट सुविधा है, जो छात्रों और शिक्षकों को पढ़ने में सहूलियत प्रदान करती हैं।

**अत्याधुनिक साइंस लेबोरेटरीज** - स्कूल में बायोलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथ्स के लिए अलग-अलग उत्कृष्ट लेबोरेटरीज हैं। ये लेबोरेटरीज सभी प्रकार के इंस्ट्रूमेंट्स, टूल्स और स्पेसिमेन से सुसज्जित हैं जो छात्रों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करते है। स्कूल में करते हुए -सीखने पर बल दिया जाता है, जिससे ज्ञान, कौशल में परिणीति हो सके।



**अत्याधुनिक कंप्यूटर लैबोरेटरी** - आपके स्कूल में सुसज्ज कंप्यूटर लैबोरेटरी है, जिसमे स्टूडेंट्स समय के साथ बनती-बदलती IT की बारिकियो को समझते है, तथा स्वयं कोडिंग एवं अन्य कंप्यूटर लैंग्वेजस को रन करते है।

**करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल** - स्कूल से जुड़े अनेक क्षेत्रो के विशेषज्ञ अपनी गाइडेंस नियमित रूप से प्रदान करते है विषय संबंधित विशेषज्ञों के साथ करियर गाइडेंस के अनेक सेमिनार होते हैं जो इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट या अन्य सही विकल्प का चयन करने में स्टूडेंट्स के लिए विशेष सहायक होते हैं।

**एटिकेट्स क्लासेस** - स्कूल में एक शिष्टाचार केंद्रित द्रष्टिकोण का पालन किया जाता है। जिसमे छात्रों को सो कर उठने से लेकर पुरे दिन के अनेक पहलुओं की शिक्षा दी जाती है, जिससे उनके व्यक्तित्व में निखार आये, तथा वे संस्कारवान बने।

## फिसिक्सवाला - कॉम्पिटिटिव एग्जाम की सर्वश्रेष्ठ तैयारी..

स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की उत्कृष्ट शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर काउंसलिंग तथा एडवांस लर्निंग हेतु देश की प्रख्यात ऑनलाइन शिक्षण संस्थान फिजिक्स वाला से एक्सक्लूसिव टाई अप किया गया है। प्रारंभिक सत्र में संस्थान के रीजनल मैनेजर कौशल कुमार चौधरी द्वारा कक्षा 6 से 12वी तक सभी विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की गई तथा विद्यार्थियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। एसवीपीएस के इस प्रयास से अब विद्यालय का हर बच्चा अपने घर से ही कम शुल्क में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकता है तथा अपने उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित कर सकता है।




## एनुअल साइंस एग्जीबिशन




विद्यालय में शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा साइंस एग्जीबिशन लगाई गई। एग्जीबिशन में विज्ञान विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, जूलॉजी आदि विषयों से संबंधित रचनात्मक परियोजनाएँ वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल के रूप में प्रस्तुत की गई। एग्जीबिशन का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, क्रिटिकल थिंकिंग, फर्स्ट प्रिंसिपल थिंकिंग जैसे गुणों को बढ़ावा देना तथा विज्ञान की वास्तविक जीवन में उपयोगिताएं बताना है।

## करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षा 9 से 11वी के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स विषय में करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी देने हेतु करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। एसवीपीएस द्वारा विद्यालय की ही भूतपूर्व छात्रा कुमारी प्राची जैन जो वर्तमान में स्वयं सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) है, को आमंत्रित किया गया जिन्होंने सीए से जुड़ी सारी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों से साझा की। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर श्री आदित्यराज शर्मा ने सही करियर विकल्प चुनने की महत्ता बताई तथा बच्चो का उत्साहवर्धन किया।





## जन्म जयंती समारोह एवं प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन



सत्र 2023 में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई - स्पेल बी, मेंटल मैथ्स, क्विज, राखी मेकिंग, हिंदी भाषण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, खेल प्रतियोगिताएं इत्यादि। भाग लेने वाले तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में पुरस्कार प्रदान किए गए। इसका उद्देश्य बच्चो का उत्साहवर्धन करना तथा और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करना है। संस्थापक स्व. श्री लक्ष्मीनारायण जी शर्मा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों को भोजन करवाया गया

## स्कूल काउंसिल इलेक्शन एवं इंवेस्टीचर सेरेमनी

विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेडगर्ल तथा स्कूल काउंसिल के अन्य पदों के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। चुने गए विद्यार्थियों को समारोह में डायरेक्टर एवं प्राचार्या द्वारा सेशे तथा बैच पहनाकर नियुक्त किया गया। अंत में सभी पद धारकों को शपथ दिलाई गई। इंवेस्टीचर सेरेमनी तथा स्कूल काउंसिल बनाने से स्टूडेंट्स में जिम्मेदारी की भावना, नेतृत्व कौशल तथा आत्मविश्वास का विकास होता है। मुख्य अतिथि न्यायाधीश श्री विवेक जैन रहे।




## SVPS स्पोर्ट्स एकेडमी शुभारम्भ

संस्था के डायरेक्टर श्री आदित्यराज शर्मा तथा न्यायधीश श्री विवेक जैन द्वारा कसरावद क्षेत्र की पहली स्पोर्ट्स एकेडमी एसवीपीएस स्पोर्ट्स एकेडमी का अनावरण किया गया। एकेडमी के माध्यम से एक्सपर्ट ट्रेनर्स द्वारा बच्चो को विभिन्न खेलों की ट्रेनिंग दी जाएगी एवं राज्य/राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार किया जाएगा।




## वार्षिक खेल उत्सव "शौर्य" 2023 मनाया गया





सत्र 2023 में खेल उत्सव "शौर्य" का शुभारंभ मशाल रैली से हुआ। इसके उपरांत 3 दिन तक विभिन्न एकल एवं टीम खेल स्पर्धाएं हुई। सभी विद्यार्थियों ने पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ अलग अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जीतने वाली टीम एवं विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय खेल उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, स्पर्धा तथा सहयोग जैसे गुणों को विकास करना है।




## इस्कॉन मंदिर एवं मराल मंदिर का अल्प भ्रमण

कक्षा 11वी के विद्यार्थियों को भ्रमण हेतु इस्कॉन मंदिर खरगोन ले जाया गया। जहा विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई। कक्षा 1 से 5वी के बच्चो को मराल मंदिर ले जाया गया। बच्चो ने विभिन्न गतिविधियों द्वारा शेयरिंग एंड केयरिंग जैसी अच्छी आदतें सीखी।

## लाल बाग और चिड़िया घर इंदौर का एजुकेशनल टूर

विद्यार्थियों को लाल बाग तथा चिड़िया घर, इंदौर एजुकेशनल टूर पर ले जाया गया। बच्चो को पुरातात्विक लाल बाग परिसर की ऐतिहासिक धरोहर के विषय में जानकारी दी गई। एजुकेशनल टूर का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनाना तथा किताबी ज्ञान के साथ ही वास्तविक ज्ञान देना है।




## ओलंपियाड परीक्षा में छात्रों ने स्वर्ण पदक जीता

विद्यालय में एसओएफ (साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन) द्वारा आयोजित एनएसओ एवं आईएमओ (नेशनल साइंस ओलंपियाड एवं इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड) परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में एसवीपीएस के 9 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।





## जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता में SVPS के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



सरदार पटेल स्कूल मंडलेश्वर में आयोजित जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता में एसवीपीएस के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन खिलाड़ियों द्वारा स्वर्ण पदक तथा एक खिलाड़ी ने रजत पदक प्राप्त किया।

## संभाग तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में SVPS की छात्रा ने जीता पुरस्कार

राजगढ़ जिला धार में आयोजित संभाग स्तरीय कराते स्पर्धा में एसवीपीएस की छात्रा आस्था राजेश शर्मा ने बालिका वर्ग अंडर 17 मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा अपना चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित किया। तदोपरांत ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में छात्रा ने रजत पदक जीत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



## विकास खंड स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में जीते पदक



बोरावा स्थित जवाहरलाल नेहरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में खेल युवा कल्याण द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में एसवीपीएस के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमे दो खिलाड़ियों द्वारा स्वर्ण पदक, एक खिलाड़ी ने रजत तथा एक खिलाड़ी ने कॉस्य पदक प्राप्त किया।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में SVPS के खिलाड़ियों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन

विकासखंड शा. उ. मा. विद्यालय कसरावद द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खो खो अंडर 17 प्रतियोगिता में एसवीपीएस के छात्र छात्राओं की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।





## त्यौहार और सेलिब्रेशन के रंग एसवीपीएस के संग

स्टूडेंट्स को त्योहारों का महत्व बताने तथा हमारे नैतिक मूल्य एवं सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराने हेतु एसवीपीएस में हर वर्ष कई त्यौहार मनाए जाते हैं। विगत वर्ष में विद्यालय में जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गरबा, ग्रीन डे सेलिब्रेशन, बसंत पंचमी आदि मनाए गए। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।





## आधुनिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का अनूठा समागम




बढ़ती आधुनिकता के दौर में हम अक्सर पाते हैं कि बच्चे अपने संस्कार, मूल्य तथा संस्कृति को विस्मृत कर रहे हैं। एसवीपीएस का उद्देश्य है कि हर छात्र 21वी सदी के अनुरूप कुशल बने साथ ही संस्कारवान और चरित्रवान बने। एसवीपीएस में हर क्लास स्मार्ट क्लास, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग और साथ ही मोरल एजुकेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर फोकस, आधुनिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के इस अनूठे समागम को दर्शाता है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम - एक लम्बी फेहरिस्त

सत्र में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे हिंदी डिबेट कॉम्पिटिशन, स्पीच कॉम्पिटिशन, तत्काल भाषण, पेंटिंग, रंगोली मेकिंग, काईट मेकिंग, नृत्य, गायन, पोएट्री रेसिटेशन इत्यादि आयोजित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।







## SVPS एनवायरनमेंट क्लब द्वारा वृक्षारोपण अभियान

विद्यालय में प्लांटेशन ड्राइव आयोजित की गई जिसके तहत स्टूडेंट्स ने विद्यालय परिसर में तथा अन्य जगह पर पौधे लगाए, बीजारोपण किया तथा पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।





## विधि साक्षरता अभियान



विधि साक्षरता अभियान के तहत विद्यालय में कसरावद न्यायधीश प्रथम श्रेणी विवेक जैन, एमपी सिविल जज में चयनित विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा नंदिनी पटेल एवं विधिक सेवा समिति के अन्य सदस्यों द्वारा कानून संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बाल-विवाह कुरीति, नारी-सशक्तिकरण एवं शिक्षा का महत्व आदि विषयों के बारे में बताया गया।

## गुरु दक्षता - टीचर्स ट्रैनिंग प्रोग्राम

CBSE Board द्वारा संस्था में एक्सक्लुसिव टीचर्स ट्रैनिंग प्रोग्राम रखा गया। इस कार्यक्रम में श्रीमान कुलदीप पुरोहित द्वारा सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

श्रीमान कुलदीप पुरोहित CBSE के प्रख्यात टीचर्स ट्रेनर है जो देशभर के विभिन्न विद्यालय में ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर प्रशिक्षण दे चुके है। स्कूल में टीचर्स के श्रेष्ठ प्रशिक्षण हेतु स्कूल सञ्चालन द्वारा तीन बार टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करवाया गया।







## SVPS रोटरेक्ट क्लब द्वारा डोनेशन ड्राइव

विद्यार्थियों द्वारा संचालित SVPS रोटरेक्ट क्लब द्वारा डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थियों में दान तथा समर्पण की भावना के सद्गुणों का विकास किया जा सके। ड्राइव में भाग लेकर विद्यार्थियों ने कपड़े, स्टेशनरी, किताबे आदि दान कर गरीब और जरूरतमंद बच्चो की मदद की।

Estd. 1999 **Shri Vyankatesh Public School** C.B.S.E. Affiliated






## संस्था के उद्देश्य

- विद्यार्थियों में विद्या - भौतिक ज्ञान, सद्विद्या - सांस्कृतिक ज्ञान, ब्रह्म विद्या- आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाश का बीजारोपण करना।
- अनुशासन, मौलिक विकास एवं इनोवेशन को आधार बनाकर विद्यार्थी को श्रेष्ठ नागरिक बनाना।
- विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना तथा नैतिक शिक्षा द्वारा उत्तम मानवीय मूल्य स्थापित करना।
- गतिविधि आधारित शिक्षा तथा विशेष करिकुलम जिससे छात्र विश्व सभ्यता के अनुरूप तैयार हो सकें।
- तनाव रहित तथा चिंता मुक्त वातावरण में शिक्षा एवं प्रॉब्लम सॉल्विंग मैथड द्वारा पढ़ाए गए पाठ्यक्रम का रिवीजन।
- ऐसी शिक्षा का प्रसारण जो विद्यार्थी में उत्साह उत्पन्न करे, ज्ञान में वृद्धि करे एवं प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास बढ़ाए।
- अनुसन्धान केंद्रित शिक्षा तथा स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्रदान करना।

## विशेषताएं जो बनाती है SVPS को क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान

- सीबीएसई संबद्धता
- प्रत्येक क्लास - स्मार्ट क्लास
- एक्सपर्ट एवं अनुभवी शिक्षकगण
- 11वी - 12वी - साइंस, मैथ्स, कॉमर्स
- फिजिक्स वाला के साथ एक्सक्लूसिव टाई अप - एक्सपर्ट क्लासेज एवं एप्स
- फिजिक्स, बायोलॉजी, केमिस्ट्री एवं मैथ्स लैब
- कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम्स
- ऑडियो विजुअल रूम, मिनी ऑडिटोरियम
- स्पोर्ट्स हेतु 10 विकल्प और श्रेष्ठ कोचेज द्वारा ट्रेनिंग
- इंडोर एवं आउटडोर स्पोर्ट्स हॉल एवं उत्कृष्ठ कोर्ट्स
- पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा स्पोकन इंग्लिश क्लासेज
- एक्सपर्टस द्वारा नियमित करियर काउंसलिंग
- म्यूजिक एवं डांस स्टूडियो, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम
- एनसीसी कैंप एवं ट्रेनिंग, आत्म सुरक्षा शिविर
- हाउस सिस्टम- वोकल, वाद्य एवं डांस प्रतियोगिताएँ
- 25 वर्षो से टॉपर्स प्रति वर्ष, अनुशासन एवं गुणों पर फोकस
- स्टूडेंट एटीट्यूड टेस्ट, रेगुलर वर्कशीट्स, प्री प्राइमरी प्ले एरिया
- शैक्षणिक भ्रमण, नियमित पीएसटीएम (पैरेंट्स टीचर्स स्टूडेंट्स मीटिंग)
- सुरक्षित बस सुविधा, हरा भरा परिसर, स्वच्छ पेयजल R.O. प्यूरीफायर सुविधा
- बालिका सशक्तिकरण वर्कशॉप, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र



*Congratulations*

**OUR TOPPERS**




देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था फिजिक्स वाला अब श्री व्यंकटेश पब्लिक स्कूल में

बेमिसाल 25 साल

**SHRI VYANKATESH PUBLIC SCHOOL**

IN ASSOCIATION WITH

**PHYSICS WALLAH**



Elevate your child's learning experience with Live Classes for Grades 6th to 12th & JEE/NEET!

DAILY HOME ASSIGNMENT | DOUBT CLEARING SESSION | RECORDED LECTURES | PROGRESS TRACKING | TOP-NOTCH FACULTIES FROM IITS

# Shri Vyankatesh Public School

Indore Road, Kasrawad, Dist. Khargone 9826246709, 8517821110

**ADMISSIONS OPEN** Nursery -12th C.B.S.E. Affiliated 1031341

www.svps.edu.in